मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **30.01.2020**

विज्ञप्ति संख्या - 115/2020

- युवाओं को रोजगार की दिशा में बड़ी पहल हो रही है..
- मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज को पूरी तरह सक्रिय करने का निदेश मुख्य सचिव को दिया
- मुख्य सचिव ने प्रधान सचिव श्रम नियोजन एवं सभी डीसी को निदेश देते कहा है कि वे अपने जिलों के एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज को तुरत सक्रिय करें

मुख्यमंत्री आवास, रांची

मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सभी एंप्लॉयमेंट एक्सचेंज को अविलंब क्रियाशील करने का निर्देश मुख्य सचिव को दिया है। मुख्यमंत्री ने निदेश दिया है कि पूरे राज्य में जिला से लेकर प्रखंड तक नियोजनालय शिविरों में 16 वर्ष से अधिक वर्ष के रोजगार तलाश रहे युवाओं का पंजीकरण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजीकरण के बाद जल्द ही बेरोजगार युवक-युवतियों को सरकार की ओर से दी जाने वाली प्रस्तावित प्रोत्साहन राशि तथा उन्हें रोजगार के उपलब्ध अवसरों से जुड़ने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा सकेगी।

★ नियोजनालय भवन जहां अच्छी स्थिति में ना हो तो उसे किसी अन्य भवन में शिफ्ट करें

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने यह भी कहा है कि अगर नियोजनालय भवन अच्छी स्थिति में ना हो तो उसे किसी अन्य भवन में शिफ्ट किया जाए। नियोजनालय में अच्छी व्यवस्था रखें। पेयजल, शौचालय और बैठने आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

★ मुख्य सचिव डॉ डी के तिवारी ने प्रधान सचिव श्रम नियोजन एवं सभी डीसी को दिया निर्देश

मुख्य सचिव डॉ डी के तिवारी ने प्रधान सचिव श्रम नियोजन श्री राजीव अरुण एक्का एवं सभी डीसी को निदेशित किया है कि जिलों के नियोजनालय को जिले का महत्वपूर्ण केंद्र बनाएं। रोजगार के लिये युवाओं को स्पष्ट पता रहे कि उन्हें कहाँ जाना है। मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी सभी डीसी को जिला और प्रखण्ड स्तर पर शिविर लगा कर बेरोजगार युवाओं का पंजीकरण कराने का भी निर्देश दिया है।

★ पंजीकरण के साथ युवाओं की शिक्षा और कौशल सम्बन्धी जानकारी लें

मुख्य सचिव ने प्रधान सचिव श्रम नियोजन से कहा कि वे जिलों में हो रही कार्रवाई का सतत पर्यवेक्षण करें। मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिया कि पंजीकरण के साथ युवाओं का शिक्षा और कौशल सम्बन्धी जानकारी के आधार पर वर्गीकरण भी करें ताकि उनके लिए किस प्रकार के रोजगार और कौशल विकास की जरूरत है, उसके लिए कार्य किया जा सके।

★ नियोजनालय में मुक्कमल व्यवस्था करने का भी निर्देश

मुख्य सचिव ने सभी डीसी को नियोजनालय में बैठने की व्यवस्था, पेयजल और शौचालय आदि की मुक्कमल व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया है।

###

=================

#TeamPRD(CMO)